**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to include Kanu, Badhai, Prajapati, Kumhar and Tanti castes of Bihar in the list of Scheduled Castes.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** मेरा सरकार से अनुरोधपूर्वक कहना है कि बिहार सरकार ने 2012 में बिहार से कानू, बढ़ई, प्रजापति (कुम्हार) तांती (ततवा) जैसी अत्यंत पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल किये जाने हेतु अनुरोध किया था जो अभी तक मंजूरी के लिए लंबित है। बिहार की कानू, बढ़ई, प्रजापति (कुम्हार) तांती (ततवा) जिनकी सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक दशा अत्यंत पिछड़ी है और जातियां अत्यंत पिछड़ी जाति में गिनी जाती हैं। इन जातियों को राष्ट्रीय विचारधारा में लाने हेतु अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए और इन्हें नौकरी एवं शिक्षा में आरक्षण अनुसूचित जाति के रुप में मिले तो ये जातियां अपने परिवार का विकास अधिक तेजी से एवं जल्दी से कर सकती है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि 2012 में बिहार सरकार द्वारा प्रेषित बिहार से कानू, बढ़ई, प्रजापति (कुम्हार) तांती (ततवा) जैसी अत्यंत पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाये।